कार्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन, राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

दिनांक 10.02.2024

प्रेस समाचार

श्री राम वैधशाला उत्सव आयोजित किया

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर में आज दिनांक 10.02.2024 को श्रीराम अन्तरिक्ष वैधशाला उत्सव एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के तत्वावधान में आयोजित किया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पूजन, मां सीता द्वारा पौधो का सींचना, श्रीराम धनुष तोडा, श्री राम लक्ष्मण एवं मां सीता द्वारा वन भ्रमण एवं श्री हनुमान जी और वानर सेना द्वारा रामसेतु बनाने संबंधी कार्यकम आयोजित किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने पौधारोपण कर मां सीता वाटिका बनाई जिसमे छात्राओं ने बढ– चढकर हिस्सा लिया। महाविद्यालय में सीता माता वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें सुश्री मीरा कुमारी पुत्री श्री पारसा राम बी. ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान पर सुश्री वर्षा सोलंकी पुत्री श्री मगनाराम बी. ए. द्वितीय वर्ष रही एवं श्री राम प्राण प्रतिष्ठा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रथम स्थान पर सुश्री संजना गहलोत पुत्री श्री शशिकान्त बी. ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर सुश्री वर्षा सोलंकी पुत्री श्री मगनाराम बी. ए. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर सुश्री हिना कंवर पुत्री श्री अशोक सिंह एम. ए. अन्तिम वर्ष रही। श्री मोहम्मद इरफान कार्यवाहक प्राचार्य ने छात्राओं को इस कार्यक्रम में बढचढ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डॉ. पीपाराम, डॉ. नगेन्द्र बाला, सुश्री मानसी भाटी, श्री नरेश राजपुरोहित, श्री भावेश वैष्णव, श्री सुमित दवे श्री मुकेश कुमार एवं छात्राएं उपस्थित रही।

प्राचार्य 10.02.2024